# बिहार विधान-सभा वाद्‌वृत्त

( भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

बृहस्पतिवार, तिथि 23 जून, 1983 ।

## विषय-सूची


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर :— | | |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर :— | | |
| अल्पसूचित प्रश्नोत्तर संख्या :— 11, 12 | ... | 1—8 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या :—355, 356, 358, 359, 360, 361, 362, 363, 364, 365, 436 । | | 9—25 |
| परिशिष्ट 1 एवं 2 (प्रश्नों के लिखित उत्तर ) :— | ... | 26—147 |
| दैनिक निबंध | ... | 148—149 |


टिप्पणी :—किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधन नहीं किया है ।

(2) इस विषय की समीक्षा सरकारी स्तर पर की जा रही है। अन्तिम निर्णय के बाद आवश्यक कारंवाई की जाएगी।

---

टंकी की मरम्मत।

फ-40. श्री नवल किशोर भारती—क्या मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रूनीसैदपुर में पानी टंकी निर्माण कार्य स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार नहीं होने के कारण अल्प अवधि में ही टंकी लीक करने लगा है जिसके फलस्वरूप समुचित जलापूर्ति नहीं होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तकनीकी परीक्षक कोषांग निगरानी विभाग से जांच कराकर समुचित कारंवाई करने का विचार रखती है ?

प्रभारी मंत्री, लोक-स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग—(1) उत्तर नकारात्मक है। टंकी का निर्माण स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार किया गया है। संवेदक द्वारा अभी टंकी विभाग को नहीं सौंपा गया है। टंकी में पानी भरने पर पसोजन (सोपेज) आया है। इस त्रुटि का सुधार संवेदक से कराया जा रहा है। वर्तमान समय में जलापूर्ति सीधे पम्पिंग द्वारा हो रही है।

(2) उपर्युक्त प्रश्नोत्तर खंड (1) के आलोक में प्रश्न नहीं उठता है।

---

ट्रांसफार्मर की मरम्मत।

ड-17. श्री नारायण यादव—क्या मंत्री, लघु सिंचाई विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जलान्तर्गत, साहेबपुर कमाल प्रखंड के चौकी ग्राम में राजकीय नलकूप का ट्रांसफार्मर जला हुआ है और नाला भी टूटा-फूटा हुआ है ;

(2) यदि खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने तथा टूटे हुए नाले की मरम्मती करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, लघु सिंचाई विभाग—(1) उत्तर आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है।

(2) साहेबपुर-कमाल प्रखंड के चोकी ग्राम के नलकूप का ट्रांसफार्मर दिनांक 24 दिसम्बर, 1982 को बदल दिया गया है। जहां तक टूटे हुए नाले की मरम्मती का प्रश्न है, मरम्मती का काम शीघ्र ही संपन्न कर दिया जाएगा। इस कार्य के लिये जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को आवश्यक निधि का आवंटन भेज दिय गया है। कार्यपालक अभियंता, बेगूसराय को लिखा जा रहा है कि वे जिला पदाधिकारी, बेगूसराय से संपर्क कर आवश्यक निधि शीघ्र प्राप्त कर लें तथा टूटे नाले की मरम्मत कर अनुपालन प्रतिवेदन भेजें।

---

सड़क का निर्माण।

पथ-34. श्री श्री नारायण यादव—क्या मंत्री, पथ-निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगुसराय जिलान्तर्गत सात विधान-सभा क्षेत्र हैं और प्रत्येक विधान-सभा क्षेत्र में सरकार के निर्णय के मुताबिक विधान-सभा सदस्य की अनुशंसा पर पांच-पांच किलोमीटर सड़क का निर्माण करने का सरकार का प्रावधान है;

(2) क्या यह बात सही है कि मात्र बलिया विधान-सभा क्षेत्र को छोड़कर शेष विधान-सभा क्षेत्र में सड़क बन गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या बलिया विधान-सभा क्षेत्र में पांच किलोमीटर सड़क नहीं बनने का क्या औचित्य है तथा सरकार इस क्षेत्र में विधायक द्वारा अनुशंसित सड़क का निर्माण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

प्रभारी मंत्री, पथ-निर्माण विभाग—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर नकारात्मक है।

(3) बलिया विधान-सभा क्षेत्र के विधायक कोटा पथों में मिट्टी एवं पुलिया निर्माण-कार्य पूरा हो गया है। मार्च 1983 में पक्कीकरण हेतु आवंटन उपलब्ध हुआ है जिससे पक्कीकरण का कार्य आरम्भ कराया जा रहा है। 1983-84 वित्तीय वर्ष में कार्य पूरा हो जाने की संभावना है।

---